कैलिफ़ोर्निया का कानून आपकी मदद कर सकता है

अगर आप एक किरायेदार या घर के सदस्य हैं और आप घरेलू हिंसा, यौन हमले, पीछा करने (stalking), मानव तस्करी, बुजुर्गों के साथ दुर्व्यवहार या आश्रित बालिगों के साथ दुर्व्यवहार के शिकार हैं और प्रापर्टी छोड़ना चाहते हैं क्योंकि आप वहां सुरक्षित महसूस नहीं करते हैं, तो कैलिफोर्निया का कानून आपकी मदद कर सकता है।

*एक घर का सदस्य किरायेदार के परिवार में कोई भी व्यक्ति होता है जो किरायेदार के साथ उसी घर में रहता है। तो भले ही आप, किरायेदार, पीड़ित नहीं हैं, फिर भी आप लीज़ को जल्दी ख़त्म करने में सक्षम हो सकते हैं।

HERA

हाउसिंग और आर्थिक अधिकारों के एडवोकेट

हम से संपर्क करें:

(510) 271-8443 Ext. 300

inquiries@heraca.org

www.heraca.org

P.O. Box 29435

Oakland, CA 94604

California Commission ON THE STATUS OF WOMEN AND GIRLS

यह प्रोजैक्ट कैलिफोर्निया कमिशन ऑन द स्टेटस अव विमिन ऐन्ड गर्लज़ (California Commission on the Status of Women and Girls) के अनुदान से संभव हुआ था।

क्या आप घरेलू हिंसा, यौन हमले, पीछा करना (stalking), मानव तस्करी, बुजुर्गों के साथ दुर्व्यवहार, या आश्रित वयस्क के साथ दुर्व्यवहार के शिकार हैं?

क्या आपके घर में कोई उपरोक्त का शिकार है?

यदि हां, तो आप केवल 14 दिनों के नोटिस और जुर्माने के बिना अपनी लीज़ को ख़त्म करने में सक्षम हो सकते हैं।

कानूनी रूप से लीज़ ख़त्म करना

जुर्माने के बिना कानूनी रूप से लीज़ को ख़त्म करने के लिए, आपको मकान मालिक को यह बताना आवश्यक है कि:

1) आप या आपके घर का सदस्य पीड़ित है और

2) आप लीज़ को ख़त्म करने का इरादा रखते हैं

आपके मकान मालिक को नोटिस लिखित रूप में, अपराध होने के 180 दिनों के भीतर दिया जाना आवश्यक है, और इसमें शामिल होना चाहिए:

1) अस्थायी निरोधक आदेश, आपातकालीन रक्षात्मक आदेश, या अन्य रक्षात्मक आदेश की एक प्रति जो आपकी और/या घर के सदस्य की सुरक्षा करता है और या

2) पुलिस रिपोर्ट की एक प्रति जो दर्शाती है कि आप और/या घर का सदस्य ऊपर सूचीबद्ध 6 अपराधों में से एक का शिकार है और (घरेलू हिंसा, यौन उत्पीड़न, पीछा करना, मानव तस्करी, बुजुर्गों के साथ दुर्व्यवहार या आश्रित वयस्कों के साथ दुर्व्यवहार) या

3) योग्य तृतीय पक्ष से हस्ताक्षरित दस्तावेज़ जो दर्शाता है कि आपको और/या परिवार के सदस्य को घरेलू हिंसा, यौन हमले, पीछा करना, मानव तस्करी, बुजुर्गों के साथ दुर्व्यवहार, या आश्रित वयस्क दुर्व्यवहार के कारण शारीरिक या मानसिक चोटों के लिए सहायता मिल रही है या

4) दस्तावेज का कोई अन्य रूप जो उचित रूप से सत्यापित करता है कि #3 में सूचीबद्ध अपराधों में से एक हुआ है।

* एक योग्य तृतीय पक्ष का अर्थ है एक चिकित्सक, पंजीकृत नर्स, मनोचिकित्सक, या मनोवैज्ञानिक जैसे स्वास्थ्य देखभाल व्यवसायी। एक लाइसेंस प्राप्त सोशल वर्कर और विवाह और परिवार चिकित्सक भी योग्य तृतीय पक्ष हैं। घरेलू हिंसा और यौन हमले के सलाहकार भी इस में शामिल हैं।

अन्य महत्वपूर्ण जानकारी

अपने मकान मालिक को यह नोटिस देने के बाद भी आपको 14 कैलेंडर दिनों के लिए किराए का भुगतान करने की आवश्यकता है (या यदि आपका रेंटल एग्रीमेंट या लीज़ ऐसा कहता है तो कम दिन)।

इन कदमों का पालन करते हुए, आपको बिना जुर्माने के लीज़ से मुक्त किया जा सकता है।

एक मकान मालिक अपराध के बारे में जानकारी तब तक साझा नहीं कर सकता जब तक कि आप और/या घर का सदस्य लिखित में सहमति नहीं देता, अदालत मकान मालिक को जानकारी साझा करने का आदेश देती है, या कानूनन मकान मालिक को जानकारी साझा करने की आवश्यकता होती है।